प्रदेश में छात्र संघ चुनाव आज

राजस्थान विश्वविद्यालय में सभी तैयारियां पूरी, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश भर में छात्र संघ चुनाव शुक्रवार को होंगे। वहीं शनिवार को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। संगठक महाविद्यालयों में भी मतपेटियां पहुंचाने के साथ अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय में इन चुनावों में 20 हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सुबह 8 से 2 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतपेटियां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कॉमर्स कॉलेज में सील हो जाएंगी। दूसरे दिन शनिवार को सुबह मतगणना शुरू होगी। शाम से पहले परिणाम घोषित होने की संभावना है। कॉमर्स कॉलेज में ही विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई जाएगी। चुनाव के लिए पुलिस के साथ कैंपस और संगठक महाविद्यालयों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

अध्यक्ष पद के लिए छह प्रत्याशी मैदान में

राजस्थान विश्वविद्यालय में अध्यक्ष पद पर एबीवीवी के नरेंद्र यादव, एनएसयूआई की रितु बराला, निर्दलीय निहारिका जोरवाल, निर्मल चौधरी, प्रताप भानु मीणा और हितेश्वर कुमार में मुकाबला है।

महासचिव पद पर एबीवीपी के अरविंद जाजड़ा, एनएसयूआई के संजय चौधरी सहित 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। उपाध्यक्ष पद पर छह और संयुक्त सचिव पद पर दो प्रत्याशियों में मुकाबला है। वहीं शोध छात्र प्रतिनिधि के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है।

डेढ़ हजार पुलिस कर्मी तैनात, ड्रोन से रहेगी निगरानी

छात्रसंघ चुनाव में मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

डीसीपी ईस्ट राजीव पचार ने बताया कि मतदान के दौरान 10 एडिशनल एसपी, 10 एसपी, 35 सीआई, आरएसी की 3 कंपनी, एसटीएफ की 2 कंपनी, घुड़सवार, बज्रवाहन के अतिरिक्त 1500 पुलिसकर्मी तैनान रहेंगे। इस बीच जेएनएल मार्ग, कॉलेज कैंपस और संघटक कॉलेजों में छात्रों को एक जगह इक्कठा नहीं होने दिया जाएगा। इसके साथ ही वोट डालने के बाद छात्रों को कैंपस से बाहर कर दिया जाएगा।

मतदान के लिए 21 केंद्रों पर बनाए 91 बूथ

राजस्थान विश्वविद्यालय में मतदान के लिए संघटक कॉलेजों सहित कैंपस में 21 सेंटर बनाए गए है। इन 21 सेंटर्स पर मतदान के लिए 91 मतदान केंद्र बनाए गए है। इन बूथों पर 20,770 मतदाता वोट करेंगे। वहीं शोध छात्र प्रतिनधि के लिए दो केंद्रों पर तीन मतदान बूथ बनाए हैं, यहां पर 830 मतदाता वोट डालेंगे। राजस्थान विवि में सर्वाधिक वोट राजस्थान विवि महारानी कॉलेज में ऐसे में मतदान के लिए सर्वाधिक 19 बूथ बनाए गए है।

मतदाता को लुभाने के लिए छाते व बैंड बनवाए

उधर मतदान से पहले मतदाता स्टूडेंट्स को लुभाने के लिए प्रत्याशी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए जहां कुछ प्रत्याशियों ने अपने नाम के छाते, बैंड बनवाए हैं।

लगातार हो रही बारिश के बीच छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग कम न हो इसलिए प्रत्याशी अब आम छात्रों को छाते बांट रहे हैं। एनएसयूआई की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रितु बराला गर्ल्स हॉस्टल में खुद के नाम लिए छाते बांटकर छात्रों से मतदान की अपील कर रही हैं। वहीं, कुछ स्टूडेंट्स अपने सिर पर ही प्रत्याशियों का नाम लिखवा कर घूम रहे हैं। एनएसयूआई से बागी होकर चुनाव लड़ रही निहारिका जोरवाल के प्रचार के लिए एक समर्थक ने अपने सिर पर उसका नाम ही लिखवा लिया है।

वहीं गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ प्रचार के दौरान एबीवीपी और एनएसयूआई के प्रत्याशी आमने-सामने हो गए। एक दूसरे पर आरोप लगाने वाले प्रत्याशी एक दूसरे को माला पहना कर समर्थन मांगते नजर आए।

छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के एनएसयूआई की रितु बराला, एबीवीपी के नरेंद्र यादव, निर्दलीय उम्मीदवार प्रताप भानु मीणा, निर्मल चौधरी, हितेश्वर बैरवा और निहारिका सहित अन्य पदों के प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

मतदान के लिए जागरूक किया

राजस्थान विश्वविद्यालय के पिछले चुनावों में काफी कम मतदान हुआ है, ऐसे में जागरूक छात्रों द्वारा पहल की गई। कैम्पस में सभी छात्रों से मिलकर मतदान के लिए अपील की गई। इस बार छात्रसंघ चुनाव में महारानी कॉलेज व छात्रावासों के मतदाताओं की अहम भूमिका रहेगी।

चौडा रास्ता में अब 27 से नहीं लगेगा नाइट बाजार

चौड़ा रास्ता में लगने वाले रात्रिकालीन बाजार के विरोध में दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद रखा।

जयपुर। चौडा रास्ता में लगने वाला रात्रिकालीन बाजार जलदाय मंत्री महेश जोशी, किशन पोल विधायक अमीन कागजे का आश्वासन और हैरिटेज नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा के आश्वासन पर अब फिलहाल नहीं लगेगा।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष सौभाग्यमल अग्रवाल ने बताया कि चौडा रास्ता व्यापार मंडल एवं स्थानीय निवासियों ने विरोध दर्ज करते हुए सुबह से ही चौडा रास्ता बंद कर रखा था जो दोपहर तक सफल था। व्यापार मंडल से अध्यक्ष सौभाग्यमल अग्रवाल, महासचिव विवेक भारद्वाज एवं स्थानीय रहवासियों के प्रतिनिधि प्रेम शर्मा को वार्ता के लिए हैरिटेज निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बुलाया, जहां व्यापार मंडल एवं निगम में दो दिन के डेमो रात्रिकालीन बाजार को लेकर भी सहमति नहीं बनी, जिसके चलते 27 अगस्त से लगने वाले रात्रिकालीन बाजार को हालात के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है।

हैरिटेज आयुक्त ने व्यापारियों एवं स्थानीय बाशिन्दों को आश्वस्त किया कि जब भी रात्रिकालीन बाजार लगाया जाएगा तो पहले व्यापारियों और स्थानीय वाशिन्दों की रजामंदी ली जाएगी उसके उपरांत ही बाजार लगाया जाएगा। जलदाय मंत्री महेश जोशी और क्षेत्रीय विधायक अमीन कागजी ने बंद के दौरान व्यापारियों एवं स्थानीय बाशिन्दों को आश्वस्त किया कि रात्रिकालीन बाजार को लेकर वहीं निर्णय मान्य होगा जो स्थानीय व्यापारियों एवं बाशिन्दों को स्वीकार है।

चौडा रास्ता व्यापार मंडल एवं स्थानीय लोगों के रात्रिकालीन बाजार के विरोध में किए आंदोलन को जयपुर व्यापार महासंघ ने भी समर्थन दिया। महासंघ के महासचिव सुरेन्द्र बज ने प्रशासन को चाहते हुए स्पष्ट कि महासंघ के साथ 125 व्यापार मंडल का समर्थन चौडा रास्ता व्यापार मंडल को है। उन्होंने

- व्यापार मंडल व निगम आयुक्त के बीच नहीं बनी सहमति

कहा कि चौडा रास्ता ही नहीं बल्कि इससे हटकर रात्रिकालीन बाजार चारदीवारी में कहीं भी लगाने की चेष्टा प्रशासन की ओर से भविष्य में की गयी तो जयपुर महासंघ इस आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाएगा।

चौडा रास्ता के व्यापारियों एवं निवासियों के बीच प्रशासनिसत स्तर पर नगर निगम की ओर से उपायुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव, नरेन्द्र कुमार एवं के एल मीणा ने आंदोलन स्थल पर आकर व्यापारियों को आश्वस्त किया कि आप लोगों की सहमति पर ही अब रात्रिकालीन बाजार लगाया जाएगा। फिलहाल इसे स्थगित कर दिया है जिसके चलते दोपहर बाद चौडा रास्ता में व्यापारिक गतिविधियों की शुरुआत हुई। आंदोलन में जयपुर व्यापार महासंघ से सुरेन्द्र बज, सुरेश सैनी, हरीश केडिया, कैलाश मिल, महेश सिंघली, अमोल पाठक सहित क्षेत्रीय व्यापारियों एवं बाशिन्दों ने सहभागिता निभाई।

मंत्री की बेटी होना मेरे लिए दुर्भाग्य : निहारिका

'मेरे पिताजी पर दबाव बनाया गया लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगी'

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी से निर्दलीय चुनाव लड़ रही निहारिका जोरवाल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा मंत्री की बेटी होना मेरे लिए दुर्भाग्य की बात है। पहले मेरी काबिलियत को पहचाना नहीं गया। मेरे माता-पिता पर दबाव बनाया जा रहा है कि मैं चुनाव नहीं लडूं। इसी वजह से अब मेरी अपने घरवालों से भी लड़ाई हो गई है। मैं किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटूंगी।

गुरुवार को निहारिका जोरवाल ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसमें 12 वादे किए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले लंबे वक्त से मैं राजस्थान यूनिवर्सिटी में संघर्ष कर रही थी। सिर्फ कुछ नेताओं की वजह से जातिगत राजनीति को आधार मानकर मेरा टिकट काट दिया गया।

मुझ पर जातिगत भेदभाव के झूठे आरोप लगाए गए। मैं डरूंगी नहीं और छात्रों के लिए लगातार संघर्ष करूंगी। वहीं, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने निहारिका जोरवाल को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा राजस्थान यूनिवर्सिटी को जातिगत राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। करणी सेना ऐसा नहीं होने देगी। हम इस चुनाव में बहन निहारिका

राजस्थान यूनिवर्सिटी से निर्दलीय चुनाव लड़ रही निहारिका जोरवाल (दाएं) ने गुरुवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया।

जोर वालों के साथ जी-जान से जुड़ेंगे। उन्हें जीत दिलाएंगे। क्योंकि इतिहास में भी मीणा समाज ने महाराणा प्रताप का साथ दिया था। ऐसे में आज हम निहारिका को जिताकर उस कर्ज को चुकाएंगे। इस दौरान छात्रनेता लोकेंद्र सिंह रायथलिया ने कहा हम जिन मुद्दों की बात कर रहे है उन्हें चुनाव जीतने पर विश्वविद्यालय में लागू करवाएंगे। इनमें छात्रा शिक्षा नि:शुल्क करवाना, एनसीसी का सम्पूर्ण खर्च सरकार के द्वारा वहन करवाना, प्रवेश प्रक्रिया में एनएसएस का वेटेज बढ़ाना, विवि में प्रति छमाही में प्लेसमेंट सेल और रोजगार मेला आयोजित करवाना, करोना के कारण जान गवाने वाले परिवार के विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में अलग कोटा देना व वर्तमान होस्टल में सीटें बढ़ाने से मुद्दे शामिल है।

एनएसयूआई ने सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व देने की मांग की

एनएसयूआई की अध्यक्ष प्रत्याशी रितु बराला (दाएं से दूसरी) ने 16 वादों वाला घोषणा पत्र जारी किया।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव के लिए एनएसयूआई ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व देने की मांग को प्रमुख मुद्दा बनाया है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अध्यक्ष प्रत्याशी रितु बराला, महासचिव प्रत्याशी संजय चौधरी ने 16 वादों वाला घोषणा पत्र जारी किया।

इस दौरान नीरज कुंदन ने कहा कि उनका पूरा पैनल इस बार चुनाव जीत रहा है। वहीं अभिषेक चौधरी ने कहा कि पूरी टीम मिलकर काम कर रही है। एनएसयूआई जो भी वादे कर रही है, उन्हें जीत के बाद लागू करवाया जाएगा। घोषणा पत्र में कहा गया कि सिंडिकेट में छात्रसंघ पदाधिकारी को मौका मिले इसको लेकर संघर्ष करेंगे। वहीं संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर में नि:शुल्क वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध, यूनिवर्सिटी में पढने वाले सभी छात्रों को प्राइवेट कोचिंगों में 6 फीसदी की विशेष छूट, विज्ञान

- एनएसयूआई ने घोषणा पत्र जारी करके 16 वादे किए

के विभागों में प्रैक्टिकल के लिए केमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कैंपस की सड़कें गड्ढे रहित बनाना, और विश्वविद्यालय परिसर में पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। इसके अलावा महिला छात्रावास व महारानी कॉलेज में महिला गार्ड एवं महिला पुलिसकर्मी तैनात किए जाए।

महिला छात्रावासों के समय में बढ़ोतरी की जाए इसके लिए प्रयास किया जाएगा। साथ ही महिला छात्रावासों में 24 घंटे मेडिकल की सुविधा के लिए दो महिला नर्सेज की तैनाती की जाए।

एबीवीपी-एनएसयूआई की प्रतिष्ठा दाव पर

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 38वें छात्रसंघ अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर चुनाव के लिए मतदान होगा। राजस्थान विश्वविद्यालय में इस बार छात्रसंघ चुनाव में दोनों प्रमुख छात्र संगठन एबीवीपी और एनएसयूआई की साख दाव पर है। इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों ने मुकाबला रोचक बना दिया है। एनएसयूआई पिछले चार और एबीवीपी छह चुनाव से अपना अध्यक्ष प्रत्याशी नहीं जीता पाई है। दोनों ही संगठन अपना बजूद बचाने के लिए इस बार जीत दर्ज करवाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है।

वहीं निर्दलीय इस बार भी जीत दर्ज करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है। गुरुवार को भी प्रत्याशियों ने संघटक कॉलेज और विवि कैंपस में प्रचार करने पहुंचे और अपने लिए वोट मांगे। वहीं प्रत्याशियों की ओर से बाड़ाबंदी भी की गई है। जहां छात्रों को ठहराया गया। इन वोटर्स को मतदान शुरू होते ही वोट डलवाकर वापस घर पर छोड़ा जाएगा। जयपुर के महारानी कॉलेज में सबसे ज्यादा 4940 वोटर्स हैं। यही कारण है कि राजस्थान यूनिवर्सिटी के अपेक्स पद के प्रत्याशियों का सबसे ज्यादा फोकस महारानी कॉलेज पर ही है। इस वजह से एबीवीपी और एनएसयूआई के प्रत्याशी दिन में दो से तीन बार महारानी कॉलेज में प्रचार किया।

सार-समाचार

'वृक्ष ही जीवन का आधार जो हमें प्राणवायु देते है'

जयपुर। वैशाली नगर स्थित ब्रह्मकुमारीज सेंटर पर गुरुवार को ब्रह्मकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 15 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विश्व वंधुत्व दिवस मनाया गया। साथ ही 5 जून से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा कल्प तरुप प्रोजेक्ट का आज समापन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता राखी राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मकुमारीज संस्था समाजसेवा के साथ साथ प्रकृति की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति भी समाज को जागरुक करने का कार्य कर रही है। सेवा केन्द्र प्रभारी बी के चन्द्रकला दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन के लिए प्राणवायु की सख्त जरुरत होती है उसके बिना जीवन की कल्पना ही असंभव है जिसे वृक्ष संभव बनाते हैं। उन्होंने ब्रह्मकुमारीज संस्था से जुडे लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया। साथ ही दीदी ने राखी राठौर के साथ वृक्षारोपण भी किया तथा 200 परिवारों को वृक्षों का दान भी किया। इस अवसर पर कमान्डेन्ट के सी यादव, कर्नल शंकर शर्मा, उद्योगपति घासीराम अग्रवाल, प्रोपर्टी डीलर ग्यारसी लाल यादव तथा मंगुराम लालचंदानी सहित 300 भाई बहनों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

गैंगस्टर मनीष व उसका साथी गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गुरूवार को प्रताप नगर इलाके में स्थित अपार्टमेंट में दबिश देकरद कई आपराधिक मामलों में वांटेड गैंगस्टर मनीष सैनी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों बदमाशों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सीएसटी को प्रताप नगर इलाके स्थित चिरायु अपार्टमेंट में गैंगस्टर मनीष सैनी के ठहरने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर तुरंत पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए गए फ़्लैट पर दबिश मारी। इस दौरान मौके से गैंगस्टर मनीष सैनी अपने साथी सुरेंद्र उर्फ़ भाटी के साथ मिला। इस पर पुलिस टीम दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों से थाने में पूछताछ कर रही है।

व्यापारी के घर करोड़ों की लूट करने वालों का कोई सुराग नहीं

जयपुर। राजधानी के गलता गेट इलाके में सूरजपोल अनाज मंडी रोड आटा और बेसन कारोबारी के घर पर लूट की वारदात के बाद 24 घंटे बाद भी पुलिस बदमाशों का कोई पुख्ता सुराग नहीं लगा पाई है। हालांकि पुलिस की छह टीमें सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की ओर से पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की छह टीमें जुटी हुई है। वहीं मामले में आज एक दर्जन से ज्यादा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई है। वहीं कुछ टीमें आरोपियों की तलाश में बाहर भेजी गई है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात के पीछे कोई अंदर का ही आदमी हो सकता है। वह पीड़ित के परिवार और कारोबार के बारे में पूरी जानकारी रखता है। फिलहाल पुलिस को तीन सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। हालाकि धुंधले होने के कारण उसमें दिखने वालों के चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस दिल्ली रोड पर चंदवाजी तक के फुटेज खंगालने में जुटी है। बताया जा रहा है कि पिछले तीन से चार महीने के दौरान कुछ स्टाफ को भी बदला गया है। पुराने स्टाफ के बारे में भी पुलिस जांच पडताल कर रही है। दो मुनीम और छह कामगारों के बारे में भी पूरी जांच पडताल की जा रही है।

गौरतलब है कि गलता गेट थाना इलाके में सूरजपोल अनाज मंडी रोड पर बुधवार रात इनकम टैक्स अधिकारी बनकर आए 5 डकैतों ने आटा व्यापारी के परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट की। बदमाशों ने 10 लोगों को पिस्टल के दम पर बंधक बना लिया और आधे घंटे तक घर खंगालते रहे। फिर वे करीब 60 लाख रुपए की नकदी और डेढ़ किलो सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। लूटपाट के बाद बदमाश फरार हो गए। तब परिवार ने चिल्लाना शुरू किया, आवाज सुनकर उनके पडोसी आए। पडोसियों ने परिवार को छुडाकर पुलिस को सूचना दी। वारदात के बाद से ही व्यापारी का पूरा परिवार दहशत में है। जिस जगह पर वारदात हुई, वह भीड़

- पुलिस की छह टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।
- पुलिस ने गुरूवार को करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है।
- दिल्ली रोड व आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है।

भरा क्षेत्र होने के बाद भी वहां पर वारदात करने की हिम्मत की गई। दरअसल सत्यनारायण तांबी के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। इस कारण इतना पैसा घर में रखा गया था। निर्माण में आने वाली सामग्री और अन्य कामों के लिए इनमें से अधिकतर पैसा काम आना था। पूरा पैसा एक ही बैग में अलग अलग बंडल में रखा था। आटा और बेसन का बड़ा काम होने के कारण हर दिन कैश का लेन देन होता था और उसे अगले दिन बैंक में जमा कराया जाता था। इस बीच सत्यनारायण के आढत का काम भी था। इस कारण भी हर दिन पांच से सात लाख रुपए कैश का लेनदेन होता था। व्यापार और आढत से जुड़ा पूरा पैसा उसी बैग में रखा था। साथ ही करीब तीस से चालीस लाख रुपए मकान के पेटे रखे हुए थे। पूरा पैसा एक ही बैग में रखा है इसकी जानकारी परिवार के कुछ लोगों के साथ ही स्टाफ के चुनिंदा लोगों को भी थी।

व्यापारी के घर में डकैती से व्यापारियों में रोष:- सूरजपोल मंडी रोड पर 24 अगस्त की शाम व्यापारी सत्यनारायण तांबी के निवास पर हुई डकैती की घटना पर फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेंड एंड इंडस्ट्री ने गहरा रोष व्यक्त किया है। इस घटना के विरोध में फोर्टी की ओर से गुरुवार को जयपुर पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।

हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी जयपुर के महेश नगर में बुधवार देर रात आपसी कहासुनी के बाद हुए विवाद के चलते एक हिस्ट्रीशीटर के साथियों ने ढाबे पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि घटना के वक्त मौके पर कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि देर रात हुई इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर राहुल माली को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गाडी खड़ी करने को लेकर राहुल का दूसरे पक्ष से विवाद हुआ था। इसके चलते दूसरे पक्ष ने राहुल की गाडी में तोड़फोड कर दी। घटना के बाद राहुल मौके से चला गया। कुछ देर बाद राहुल के साथी मौके पर पहुंचे और ढाबे पर फायरिंग कर दी।

कुल्हाड़ी से वार कर घायल किया

जयपुर। राजधानी के मोती डूंगरी इलाके में आचार्य कृपलानी मार्ग पर गुरूवार को दोपहर को बाइक सवार बदमाशें ने एक हिस्ट्रीशीटर पर कुल्हाडी से बार कर घायल कर दिया। भीड़ जमा होने पर आरोपी फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाने के हिस्ट्रीशीटर आसिफ अली (40) पर जानलेवा हमला हुआ है। गुरुवार दोपहर वह स्कूटी से बेटी को स्कूल लेने जा रहा था।

रेलवे ट्रेक पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

जयपुर। राजधानी जयपुर में बुधवार देर रात जयपुर जंक्शन के पास कल्पना ट्रेवल्स के नजदीक पति के लिए खाना लेने के लिए गई महिला का अपहरण कर रेलवे ट्रेक के पास पांच बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बदमाशों ने महिला के सभी कपड़े फाड़ दिए। वह बदहवास हालत में महिला जीआरपी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से महिला को कपड़े दिए और आरोपियों को पकड़ने के लिए इलाके में दबिश देना शुरू किया। जीआरपी को कोई भी बदमाश नहीं मिल पाया। घटना की जानकारी मिलने पर जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम भी मौके पर पहुंची है। महिला का पुलिस ने मेडिकल करवाया दिया हैं। मौके पर पहुंची एफएसएल के अधिकारियों के साथ महिला ने मौके की जानकारी दी। एफएसएल के अधिकारियों ने मौके से कई साक्ष्य भी लिए।

जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय पीड़िता जयपुर की ही रहने वाली है जो अपने पति के साथ देर रात ट्रेन में सफर करने के लिए जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन के आने में समय था ऐसे में वह अपने पति के लिए खाना लेने रेलवे स्टेशन से बाहर निकली। बताया जा रहा है कि स्टेशन के बाहर पीड़िता को पांच युवक मिले जिनसे उसने रेस्टोरेंट के बारे में पूछा। इस पर रेस्टोरेंट की ओर ले जाने का झांसा देकर बदमाश

- पति के लिए खाना लेने जंक्शन से बाहर आई थी।
- पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पीड़िता को करीब 100 मीटर दूर अजमेर पुलिया की तरफ रेलवे यार्ड की ओर ले गए। अंधेरी जगह पर हाथ खींच अगवा कर लिया। सड़क किनारे स्थित दीवार के ऊपर से रेलवे लाइन की तरफ फेंक दिया। आरोपियों ने महिला से बलात्कार किया। वारदात के बाद पाचों बदमाश पीडिता को बदहवास हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए।

महिला को अगवा करने वाला स्थान जीआरपी थाने से महज 50 मीटर दूर है और बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाली जगह जीआरपी थाने के पीछे वाले गेट से करीब 150 मीटर दूर है। घटना स्थल से करीब 250 मीटर दूर जयपुर जंक्शन पर रात 11 बजे रोती हुई पीड़िता पहुंची और अपने पति को घटना की जानकारी दी। महिला ने जिस जगह पर खुद के साथ गैंगरेप होने की बात कही है उस जगह और आसपास के इलाकों में लगे हुए सीसीटीवी को खंगालने का पुलिस प्रयास कर रही है।

मूक-बधिर बच्चों की पेंशन बढ़ाने की मांग

जयपुर, (का.सं.)। कॉक्लीयर इम्प्लांट परिवार की राधिका जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कॉक्लीयर इम्प्लांट की मशीन के पार्ट्स व नई मशीन को चिरंजीवी योजना में शामिल करने की मांग की है। जोशी ने पत्र में मशीन रख रखाव का सालाना खर्चा स्वीकृत करने पर धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने रोज-रोज खराब होने वाले कॉक्लीयर इम्प्लांट की मशीन के पार्ट्स व नई मशीन चिरंजीवी योजना में शामिल करने की मांग की जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक व मानसिक संबल मिल सके। उन्होंने यह भी लिखा कि वर्तमान में लगी हुई मशीन की कुछ कंपनी 2023 में बंद हो रही हैं जिसके लिये पुरानी मशीन को अपग्रेड करना या नहई मशीन को खरीदना होगा। इसके साथ ही इन मूक-बधिर बच्चों को मिलने वाली पेंशन जो 750 रुपये है, बढ़ती महंगाई में बहुत कम है, इसे बढ़ाकर कम से कम 3000 रुपये प्रतिमाह करें।